एसडीओ ने विभिन्न सरकारी संस्थाओं और छठ घाटों का किया निरीक्षण

अरेराज (आससे)। अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज द्वारा बुधवार को विभिन्न सरकारी संस्थानों और छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अरेराज स्थित पिपरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति तथा आम जनता को मिलने वाली बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं, नियमित टीकाकरण, एंबुलेंस की सुविधा, कोल्डचेन इत्यादि की जांच की। उन्होंने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज द्वारा निरीक्षण के दौरान अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं, वार्ड संचालन, स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थिति, एंबुलेंस सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान दिए गए मुख्य निर्देश एवं समीक्षा। 6-बेड के अस्पताल का पूर्ण संचालन- वर्तमान में अस्पताल में केवल ओपीडी का संचालन पाया गया। इस पर निर्देश दिया गया कि उपलब्ध 6 बेड के आधार पर नियमानुसार 6-बेड के अस्पताल का पूर्ण रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाए। वार्ड में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने तथा ऑक्सीजन सिलेंडर स्थापित कर मरीजों को सभी चिकित्सीय सुविधाएं देने को कहा गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले कुल 17 हेल्थ सब सेंटर (स्वास्थ्य उपकेंद्र), जिनमें से 9 आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में संचालित हैं, उनके कार्यों और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी रोस्टर का प्रदर्शन उचित स्थानों पर नहीं पाए जाने पर निर्देश दिया गया कि ओपीडी



सहित अस्पताल के मुख्य स्थलों पर चिकित्सकों एवं कर्मियों का रोस्टर सही-सही और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए। 'कायाकल्प अभियान' के मानकों के तहत अस्पताल परिसर में रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण का कार्य कराने का निर्देश दिया गया। दवा वितरण प्रणाली को भी सुचारू रखने को कहा गया। अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस तथा एंबुलेंस रोस्टर की भौतिक रूप से जांच की गई, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को त्वरित परिवहन मिल सके। निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया कि बीएचएम केवल एक दिन के लिए प्रतिनियुक्त हैं। इस प्रशासनिक असुविधा को दूर करने के लिए सिविल सर्जन से पत्राचार किया जाएगा, ताकि इस अस्पताल को एक डेडिकेटेड (समर्पित) बीएचएम मिल सके। अनुमंडल प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पंचायत सरकार भवन पिपरा का भी निरीक्षण किया गया। वहां की स्थिति अत्यंत निराशाजनक पाई गई।

कार्य अवधि के दौरान भी पंचायत सरकार भवन / आरटीपीएस काउंटर बंद पाया गया, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही थी। इस गंभीर लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अरेराज से वार्ता की गई। तथा सभी पंचायतों में रोस्टरवर कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। लोक आस्था का महापर्व आगामी छठ पूजा के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने सिरनी स्थित पुरंदरपुर एवं खजुरिया छठ घाटों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर आने जाने का रास्ता, साफ-सफाई, बैरिकेटिंग, लाइटिंग, चेंजिंग रूम और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से आकलन किया। साथ ही वहां उपस्थित लोगों से बेहतर सुविधा की सुझाव प्राप्त की गई।

18 वर्षीय युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

हरसिद्धि (आससे)। थाना क्षेत्र के अहिरटोली वार्ड संख्या छह में मंगलवार की मध्य रात्रि एक 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। युवक का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मोतीलाल साह के पुत्र अनिल कुमार (18) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, युवक की मौत की खबर मिलने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरसिद्धि थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, युवक की मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

समाहरणालय, सुपौल

बिहार सरकार

सुपौल-852131

(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

Email : adss.supaul@gmail.com

अल्पकालीन शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-847/सा०सु०को०, सुपौल, दिनांक-16.10.2026 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-PR. No.-014029 (SWD) 2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है। प्रकाशित सूचना में उल्लेखित "इच्छुक निविदादाता कम्बल (ऊनी) की आपूर्ति करने हेतु निविदा-द्वि-लिफाफा प्रणाली में दिनांक 12.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे" प्रकाशित हो गया है, जिसे दिनांक 11.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे पढ़ा जाय। शेश शर्तें यथावत रहेगी।

सहायक निदेशक
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग
सुपौल

PR- 014388 (Welfare) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

दूध टैंकर की टक्कर से टूटा गुमटी संख्या 137 का बैरियर, चालक फरार

चकिया/मोतिहारी। चकिया (पूर्वी चम्पारण) रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे गुमटी संख्या 137 पर बुधवार को बैरियर की मरम्मत के कारण अधिक देर तक आवागमन बाधित रहने से नाराज लोगों ने रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर सप्तक्रांति एक्सप्रेस को करीब 20 मिनट तक रोक दिया। ट्रेन आनंद विहार से मुजफ्फरपुर जा रही थी। बाद में रेल पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर ट्रैक से हटाया, जिसके बाद ट्रेन अगले स्टेशन के लिए प्रस्थान हुई। रेल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात करीब 2:15 बजे एक मालगाड़ी गुजरी। गुमटी संख्या 137 का बैरियर गिरा हुआ था। इसी दौरान केसरिया रोड की ओर से आ रहे एक दूध टैंकर के चालक ने लापरवाही से बैरियर में टक्कर मार दी, जिससे दक्षिण दिशा की ओर लगा बैरियर टूट गया। घटना के बाद गेटमैन ने इसकी सूचना रेल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार झा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दूध टैंकर को जब्त कर लिया। हालांकि, रात में अंधेरा होने का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया इधर, रेलकर्मी टूटे बैरियर की मरम्मत के लिए उसे नीचे कर काम कर रहे थे। इस कारण गुमटी के दोनों ओर लोगों का आवागमन बाधित हो गया। काफी देर तक इंतजार करने से नाराज कुछ लोग ड्यूटी में देरी होने की बात कहते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए और इसी दौरान गुजर रही सप्तक्रांति एक्सप्रेस को रोककर विरोध जताने लगे। रेल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और रेलवे ट्रैक खाली कराया। इसके बाद ट्रेन परिचालन शुरू हो गई।

निर्माणाधीन मुख सड़क और नाला निर्माण का निरीक्षण

मोतिहारी (आससे)। मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मठिया जीरात में निर्माणाधीन मुख्य सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण माननीय महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी , नगर आयुक्त श्री आशीष कुमार जी एवं निगम पार्षद प्रतिनिधि अजय सिंह ने बुधवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के कनीय अभियंता एवं अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में सड़क के उच्चीकरण को लेकर सड़क का लेवल निर्धारित कराया गया। साथ ही,सड़क की ढलाई के दौरान निर्धारित ऊंचाई एवं लेवल को बनाए रखने के लिए संबंधित अभियंताओं एवं निर्माण कार्य में लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा हो सके।

एमजेके बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

मोतिहारी (आससे)। स्थानीय जिले के शैक्षणिक संस्थानों में पठन-पाठन और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन लगातार गंभीर कदम उठा रहा है। इसी क्रम में आज, 28 अक्टूबर 2026 को पूर्वाहन 10:00 बजे जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने मोतिहारी नगर क्षेत्र स्थित एमजेके बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यह विद्यालय जिले के प्रमुख आदर्श विद्यालयों (मॉडल स्कूलों) में शुमार है।जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के लेबोरेटरी कक्ष, स्मार्ट क्लास के संचालन, खेलकूद सामग्रियों और संगीत कक्ष का जायजा लिया तथा संबंधित शिक्षकों से इसके सुचारू संचालन की जानकारी प्राप्त की। डीएम ने विद्यालय के प्राचार्य से शिक्षकों की उपस्थिति पंजी और बच्चों की उपस्थिति (अटेंडेंस) की स्थिति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हमेशा बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही 'अभियान कायाकल्प' के अंतर्गत विद्यालय भवन और उसकी चाहरदीवारी का आकर्षक रंग-रोगन कराने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी का एक अलग ही प्रेरणादायक रूप देखने को मिला। वे सीधे कक्षा 9 में पहुंचे और वर्ग संचालन का मुआयना किया। जिलाधिकारी ने कक्षा में पढ़ाई जा रहे पाठ को आगे बढ़ाते हुए खुद बच्चों को पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा एक बेहतर और सशक्त व्यक्तित्व के निर्माण को लेकर विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ सदर मोतिहारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों के इस तरह स्कूलों का जायजा लेने से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद और अधिक बढ़ गई है।

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
(राजभाषा)

आमंत्रण

मान्यवर,

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) के तत्त्वावधान में **दिनांक- 28 अक्टूबर, 2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे पंडित मोहन लाल महतो वियोगी (जन्मतिथि-05 नवम्बर) एवं आचार्य बदरीनाथ वर्मा (जन्मतिथि-10 नवम्बर)** का जयन्ती समारोह फणीश्वरनाथ रेणु, हिन्दी भवन, छज्जूबाग, पटना में आयोजित है।

उक्त अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं

एस० एम० परवेज़ आलम
अपर सचिव-सह-निदेशक

अरविन्द कुमार चौधरी
अपर मुख्य सचिव

PR- 014378 (C S D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सेमरा में डिग्री कॉलेज के लिए पांच एकड़ जमीन का प्रस्ताव

चिरैया (आससे)। प्रखंड में डिग्री कॉलेज के स्थायी भवन की स्थापना की दिशा में पहल शुरू हो गई है। इसके लिए अंचलाधिकारी सुमन सौरभ ने सेमरा सगरदिना पंचायत के सेमरा गांव में पांच एकड़ गैरमजरूआ मालिक जमीन चिह्नित कर प्रस्ताव भेजा है। अब प्रस्तावित भूमि की उपयुक्तता की जांच और संबंधित स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया बढ़ेगी। जानकारी के अनुसार, अपर समाहर्ता, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी ने अंचलाधिकारी, चिरैया को पत्र जारी कर डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। यह निर्देश शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 1111, दिनांक 9 अप्रैल 2025 के आलोक में दिया गया था। इसके बाद अंचल प्रशासन ने निर्धारित मानकों के अनुरूप सेमरा गांव में पांच एकड़ जमीन चिह्नित कर उसका प्रस्ताव भेजा है। निर्धारित मानकों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए पांच एकड़, जबकि शहरी क्षेत्र में ढाई एकड़ भूमि की आवश्यकता है। भूमि चयन में सरकारी जमीन अथवा विद्यालयों और प्रशिक्षण महाविद्यालयों की भूमि को प्राथमिकता देने का निर्देश है। इसके साथ ही स्थल तक आवागमन की सुविधा, जमीन का उपयुक्त आकार तथा लंबाई-चौड़ाई का निर्धारित अनुपात भी महत्वपूर्ण मानक हैं। वर्तमान में अस्थायी व्यवस्था के तहत चिरैया प्रखंड के परेवा गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, परेवा के परिसर में कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। सेमरा में प्रस्तावित भूमि को स्वीकृति मिलने और भवन निर्माण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कॉलेज को नए परिसर में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। हालांकि, फिलहाल अंचल प्रशासन की ओर से भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव भेजा गया है।

दरमाहा गांव मामले में छोटन के भाई ने प्रशासन से की निष्पक्ष जांच की मांग

चकिया (पूर्वी चम्पारण) (आससे)। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दरमाहा गांव निवासी छोटन सिंह एंव मनोज यादव के बीच हुए विवाद मामले में नया मोड़ आ गया है। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी छोटन का परिवार दहशत मे जीने को मजबूर है हालांकि सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के क्रम मे छोटन सिंह के बड़े भाई ने बताया कि हम लोग शांति व सदभाव तथा कानून पर भरोसा करने वाले हैं परन्तु विपक्षी द्वारा धमकी व अनरगल वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर तुल दिया जा रहा है जो कहीं से उचित नही है। इस दौरान उन्होंने अपने भाई छोटन कुमार को बिल्कुल निर्दोष है। बताया कि मनोज यादव अक्सर मेरे भाई से पैसे का लेन-देन करने व घटना वाले दिन पर नशे में धुत होकर धमकी देते हुए उनके घर के बगल में दैवी छपरा पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और इस घटना की किसी ने वीडियो बनाकर फेसबुक पर वायरल कर दिया, जिससे मामले ने तूल पकड़ लिया प्रशासन से निष्पक्ष रूप मामले की जांच की मांग की ।वहीं घर लगातार पुलिस प्रोटेक्शन के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

समाहरणालय, नवादा

बिहार सरकार

नवादा -805110

(जिला नजारत शाखा)

न्यायालय :- श्री राजीव कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, नवादा

दूरभाष 06324-212253 (कार्या0), 06324-212240 (आवास), 06324-212904 (फैक्स),
email: dm-nawadah.bih@nic.in

बिहार मद्य निषेध और अधिनियम-2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021-22 के अंतर्गत जप्त वाहन के मालिक के लिए नोटिस :-

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहन के मालिक को सूचित किया जाता है, कि बिहार मद्य निशेध और उत्पाद अधिनियम-2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021-22 के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में निम्नलिखित वाहनों को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय, नवादा (बिहार) में अधिहरण वाद संधारित है। जप्त निम्नलिखित वाहन का अधिहरण हेतु संचालित वादमें सुनवाई हेतु दिनांक-18.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में तिथि निर्धारित की गई है:-

क्रमांक	वाद संख्या	थाना का नाम	थाना कांड संख्या	वाहन का प्रकार	जप्त वाहन का निबंधन सं0/इंजन नं0/चेचिस नं0	वाहन मालिक का नाम
01	02	03	04	05	06	07
01	04/2026	मुफस्सिल	518/25 दिनांक-30.12.2025	बोलेरो	VEHICLE NO:- JH10K9002 ENGINE NO :-GA64F45223, CHESSIS NO-MA1PL2GAK62G34415	श्री विवेक कुमार, पिता-लक्ष्मण मेहता, ग्राम-मसनोडीह, थाना-डोमचाँच, जिला-कोडरमा, (झारखण्ड)-825407

अतएव संबंधित वाहन मालिक को सूचित किया जाता है, कि उक्त वाद में सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि को साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

(राजीव कुमार)
वरीय उप समाहर्त्ता,
नवादा

PR. No. 014343 (District) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

रात्रि गश्ती के दौरान तीन गिरफ्तार

कल्याणपुर। थाना पुलिस ने मंगलवार की रात विशेष कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में हत्या के प्रयास के मामले के आरोपी, पशु तस्करी के संदेह में एक व्यक्ति तथा विभिन्न न्यायालयों से जारी वारंट में वांछित आरोपी को पकड़ा गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर थाना कांड संख्या 200/26 में धारा 109 के तहत दर्ज हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में राम बाबू साहनी को हीरा छपरा से गिरफ्तार किया गया। वहीं, बुधवार की भोर करीब चार बजे बाकरपुर स्थित मिडिल स्कूल के सामने एक पिकअप पर लदे एक गाय और दो भैंस के साथ अमन सिंह, निवासी शम्भू चक, थाना कल्याणपुर, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय की जांच में मिली गड़बड़ी

● 325 में सिर्फ 106 बच्चे मिले उपस्थित ● मध्याह्न भोजन की पंजियों में गड़बड़ी और शौचालय में गंदगी पर बीडीओ सख्त ● डीएम को भेजा जांच प्रतिवेदन

कोटवा (आससे)। प्रखंड क्षेत्र में विद्यालयों की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। इसी क्रम में बीडीओ के जांच में एक और खुलासा सामने आया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पाण्डेय ने मंगलवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलवा माधो का औचक जांच की। जांच में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार बिना सूचना के गायब थे।दो शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश के आवेदन उपस्थिति पंजी में पाए गए। शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यालय संचालन में कई कमियां पाई गई। शिक्षकों के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर भी सवाल उठे। विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक कुल 325 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन जांच के दौरान मात्र 106 बच्चे उपस्थित पाए गए। इससे विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर सवाल खड़े हुए हैं। मध्याह्न भोजन योजना पंजी की जांच में भी बड़ी अनियमितता सामने आई ।एमडीएम पंजी 17 सितंबर से खाली पाया गया ।किचेन में काफी गंदगी पाई गई। शौचालय भी काफी गंदा था ।बीडीओ ने बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर चिंता जताया। इसके अलावा, कायाकल्प योजना के तहत विद्यालय भवन की आवश्यक मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य भी शुरू नहीं कराया गया था। बीडीओ ने 30 नवंबर 2026 तक कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया है ।बाद में बीडीओ चिरंजीवी पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय में काफी गड़बड़ी सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी को जांच प्रतिवेदन भेज दिया गया है।

रामबाबु प्रसाद ज्वेलर्स एंड कंपनी के दूसरे प्रतिष्ठान का उद्घाटन

मोतिहारी(आससे)। रामबाबू प्रसाद ज्वैलर्स एंड कंपनी के दूसरे प्रतिष्ठान का न्यू सोनार पट्टी रोड दलिया पत्ती चौक पर सोमवार को उद्घाटन किया गया। दुकान का उद्घाटन रामबाबु प्रसाद उनकी पत्नी आशा देवी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, बिहार प्रदेश के वैश्य नेता संजय जयसवाल, मुखिया प्रकाश जी उर्फ काका, पैक्स अध्यक्ष राज किशोर सिंह, शंभू नाथ साहू, प्रभु जी, गिरधारी जी, गणेश जी, महादेव जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बतादे कि 1980 में एक छोटे से स्वर्ण व्यवसाय के रूप में अपने सफ़र की शुरूआत श्री रामबाबु प्रसाद ने किया और पिछले 46 वर्षों से उनके विश्वसनीय प्रतिष्ठान रामबाबु प्रसाद मुकेश कुमार ज्वेलर्स जो सोनार पट्टी में स्थित है जहां ग्राहकों के भरपूर प्यार आशीर्वाद और सहयोग मिला। उद्घाटन समारोह में मोतिहारी नगर विधायक श्री प्रमोद कुमार, मेयर प्रीति गुप्ता, उपमेयर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद ,सदर डीएसपी दिलीप कुमार सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहिबुल हक साहब ,प्रदेश जदयू नेता भाई अमरेंद्र कुमार सिंह ,वार्ड पार्षद संजू निषाद, जदयू अध्यक्ष भरत पटेल, मशहूर डॉक्टर हिना चंद्र, शरद ।

योजना एवं विकास विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल बक्सर

पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 02/2026-27

(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : - सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड निर्माण कार्य अन्तर्गत।

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में)	अग्रधन की राशि (लाख रूपये में)	परिमाण - विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01	02	03	04	05	06	07
1	बक्सर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत रहसीचक (पाण्डेयपट्टी) के महादलित टोला हुकहों में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कार्य। (मौजा - हुकहों, थाना नं0 281, खाता संख्या - 187, खेसरा संख्या - 743, रकबा 7 डी0)	29.66000	0.59400	5000.00	590.00 Or as per online mode	6 माह

2- विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक -22-10-2026
3- निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भीक तिथि एवं समय : दिनांक 17-11-2026 को 10.00 बजे पुर्वाह्न से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4- प्री बीड़ मिटिंग का स्थान तिथि एवं समय : अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दिनांक 18-11-2026 को अपराह्न 02.00 बजे से 04.00 बजे तक।
5- निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21-11-2026 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6- तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23-11-2026 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7- वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8- निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
9- निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
10-विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्ड़ल बक्सर।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
PR- 014347 (Planning) 2026-27 स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल बक्सर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

गांधी मैदान में खेलकूद की जगह मोबाइल गेम में उलझ रहे छात्र

स्कूल और कोचिंग जाने के नाम पर घर से निकलते हैं बच्चे
सुबह से दोपहर तक मैदान में बैठकर खेलते हैं ऑनलाइन गेम

चकिया (पूर्वी चम्पारण)। गांधी मैदान इन दिनों छात्रों के लिए खेलकूद का मैदान कम और मोबाइल गेम खेलने का अड्डा ज्यादा बनता जा रहा है। सुबह से दोपहर तक स्कूल और कोचिंग के समय मैदान के अलग-अलग हिस्सों में आठवीं से 11वीं कक्षा तक के कई छात्रों को मोबाइल पर गेम खेलते देखा जा सकता है। खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के लिए बनाए गए मैदान में छात्रों का घंटों मोबाइल गेम में व्यस्त रहना शिक्षा, अनुशासन और बच्चों की दिनचर्या को लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय स्तर पर सामने आ रहे इस नजारे के अनुसार, कई छात्र घर से स्कूल या कोचिंग जाने की बात कहकर निकलते हैं, लेकिन निर्धारित समय पर शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचने के बजाय गांधी मैदान में बैठकर मोबाइल गेम खेलने में समय बिताते हैं। मैदान के अलग-अलग हिस्सों में समूह बनाकर बैठे छात्र मोबाइल स्क्रीन पर नजरें गड़ाए रहते हैं। सुबह से दोपहर तक मैदान में इस तरह छात्रों की मौजूदगी देखी जा सकती है। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर स्कूल और कोचिंग के समय छात्र मैदान में कैसे और क्यों पहुंच रहे हैं। स्कूल और कोचिंग का समय विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई और भविष्य की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान यदि छात्र कक्षाओं में जाने के बजाय मोबाइल गेम खेलने में समय बिताते हैं, तो उनकी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका रहती है। नियमित रूप से ऐसा होने पर पाठ्यक्रम पूरा करने, होमवर्क करने और परीक्षा की तैयारी में भी परेशानी हो सकती है। हालांकि, सभी छात्रों के बारे में एक जैसी धारणा बनाना उचित नहीं है, लेकिन शैक्षणिक समय में मैदान में छात्रों की मौजूदगी पर ध्यान देने की जरूरत है। घर से स्कूल या कोचिंग जाने के लिए निकलने वाले बच्चों की दिनचर्या पर नजर रखना अभिभावकों के लिए जरूरी है। केवल बच्चों को स्कूल या कोचिंग भेजना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि वे नियमित रूप से कक्षाओं में पहुंच रहे हैं या नहीं। अभिभावक बच्चों से उनकी पढ़ाई, उपस्थिति और दिनभर की गतिविधियों के बारे में बातचीत कर सकते हैं। शिक्षकों और कोचिंग संचालकों की ओर से भी विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर समय रहते अभिभावकों को जानकारी देना उपयोगी होगा।

मैत्री पुल पर ई-रिक्शा की मनमानी पार्किंग से बढ़ रही परेशानी

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल के दोनों ओर ई-रिक्शा की बेतरतीब पार्किंग से उत्पन्न यातायात समस्या को लेकर सरोकार मंच ने आवाज उठाई है। इस समस्या के समाधान के लिए मंच के प्रतिनिधिमंडल ने बीरगंज महानगरपालिका के मेयर राजेशमान सिंह को ज्ञापन सौंपकर ई-रिक्शा की पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। मंच ने कहा कि मैत्री पुल के भारतीय और नेपाली हिस्से में ई-रिक्शा को अनियंत्रित तरीके से खड़ा कर दिए जाने से आवागमन बाधित होता है। इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और सीमा पार आने-जाने वाले यात्रियों के साथ स्थानीय नागरिकों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आगामी दीपावली और छठ पर्व के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। दीपावली और छठ के अवसर पर खरीदारी तथा अन्य कार्यों से बड़ी संख्या में नेपाली नागरिक रक्सौल पहुंचते हैं। वहीं, भारत से नेपाल आने-जाने वाले यात्रियों की आवाजाही भी बढ़ जाती है। ऐसे में मैत्री पुल पर ई-रिक्शा की अव्यवस्थित पार्किंग यातायात में बड़ी बाधा बन सकती है। सरोकार मंच ने पर्व से पहले ही आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

गौशाला के विकास को लेकर सदर एसडीओ ने की बैठक

मोतिहारी (आससे)। श्री गौशाला के विकास एवं पुनरुद्धार को गति देने के उद्देश्य से अध्यक्ष सह सदर एसडीओ अरुण कुमार की अध्यक्षता में गौशाला परिसर में बुधवार को कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक की गई। एसडीओ ने गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यकताओं का जायजा लिया और कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए ।एसडीओ अरुण कुमार ने पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों को सभी गायों एवं बछड़ों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सदर अंचलाधिकारी सुनील कुमार को श्री गौशाला की जमीन की मैपिंग कराने का निर्देश दिया, ताकि भूमि की स्थिति स्पष्ट हो सके और विकास



योजनाओं को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जा सके। गौशाला के सचिव मधुसूदन जालान ने कहा कि श्री गौशाला के विकास एवं पुनरुद्धार के लिए जल्द ही ठोस पहल की जाएगी।

वहीं, नगर निगम के उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि गौशाला की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नगर निगम की ओर से यथासंभव सहयोग किया जाएगा। मौके पर प्रभात कुमार,अनिल अग्रवाल,सुधांशु रंजन, सुधीर कुमार गुप्ता, डॉ. विवेक गौरव, केदार प्रसाद गुप्ता, श्याम प्रकाश सहित अन्य गौसेवक मौजूद थे । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।